विश्राम कक्ष
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
मुजफ्फरनगर।
दिनांकः—16.04.2026

आदेश

माननीय जनपद न्यायाधीश, मुजफ्फरनगर से पूर्व विचार विमर्श के उपरान्त माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त नोटिफिकेशन के परिपेक्ष्य में रिक्त न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट संख्या—3, मुजफ्फरनगर व अपर सिविल जज सी0डि0, कोर्ट संख्या—3/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में पीठासीन अधिकारी की तैनाती को दृष्टिगत रखते हुए तथा माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा जारी जी.एल.—27/एडमिन.जी-II दिनांकित 24.11.2021 द्वारा रिक्त न्यायालय में कोई भी पत्रावली नहीं रखने हेतु दिये गये निर्देशो को दृष्टिगत रखते हुए, माननीय उच्च न्यायालय के उपरोक्त जी.एल. के परिप्रेक्ष्य में रिक्त न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0 कोर्ट संख्या—3/न्यायिक मजिस्ट्रेट, अपर सिविल जज जू0डि0, कोर्ट संख्या—4/न्यायिक मजिस्ट्रेट, व सिविल जज जू0डि0/एफ0टी0सी0, (सी0ए0डब्लू0) कोर्ट संख्या—2 /न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में लम्बित समस्त पत्रावलियों के अन्तरण एवं दायरे के सम्बन्ध में निम्न आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी किया जाता हैः—

1— न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट संख्या—2, मुजफ्फरनगर में थाना चरथावल व थाना सिखेडा से सम्बन्धित लम्बित समस्त पुलिस चालानी वाद, परिवाद वाद एवं प्रकीर्ण वाद व उनका दायरा, अन्य न्यायालयो से सम्बन्धित लम्बित समस्त दाण्डिक वाद व धारा 138 एन0आई0 एक्ट से सम्बन्धित लम्बित समस्त वाद न्यायालय अपर सिविल जज सी0डि0, कोर्ट संख्या—2/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में अन्तरित किये जाते हैं।

2— न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0, कोर्ट संख्या—3/न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में थाना रतनपुरी से सम्बन्धित लम्बित समस्त पुलिस चालानी वाद, परिवाद वाद एवं प्रकीर्ण वाद व उनका दायरा व अन्य थानो से सम्बन्धित समस्त दाण्डिक वाद व थाना खतौली से सम्बन्धित लम्बित समस्त परिवाद पत्रावलियॉ व नये परिवाद वादो का दायरा न्यायालय अपर सिविल जज सी0डि0, कोर्ट संख्या—3/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में अन्तरित किया जाता हैं।

3— न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0, कोर्ट संख्या—3/न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में लम्बित वर्ष 2017 व 2018 के व समस्त अन्य 138एन0आई0एक्ट से सम्बन्धित लम्बित परिवाद अतिरिक्त न्यायालय 138एन0आई0एक्ट, मुजफ्फरनगर में अन्तरित किये जाते है।

4— न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0, कोर्ट संख्या—4/न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में थाना मीरापुर से सम्बन्धित लम्बित समस्त पुलिस चालानी वाद, परिवाद वाद एवं प्रकीर्ण वाद व उनका दायरा व अन्य थानो से सम्बन्धित समस्त दाण्डिक वाद न्यायालय अपर सिविल जज सी0डि0, कोर्ट संख्या—3/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में अन्तरित किया जाता है।

5— न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0, कोर्ट संख्या—4/न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में थाना कोतवाली व थाना खालापार से सम्बन्धित लम्बित समस्त परिवाद पत्रावलियॉ व नये परिवाद वादो का दायरा न्यायालय अपर सिविल जज सी0डि0, कोर्ट संख्या—1/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में अन्तरित किया जाता हैं।

6– न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0, कोर्ट संख्या–4/न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में थाना सिविल लाईन से सम्बन्धित लम्बित समस्त परिवाद पत्रावलियॉ व नये परिवाद वादो का दायरा न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0, कोर्ट संख्या–1/न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में अन्तरित किया जाता हैं।

7– न्यायालय अपर सिविल जज जू0डि0, कोर्ट संख्या–4/न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में लम्बित समस्त 138एन0आई0एक्ट से सम्बन्धित लम्बित समस्त परिवाद वाद अतिरिक्त न्यायालय 138एन0आई0एक्ट, मुजफ्फरनगर में अन्तरित किये जाते है।

8– न्यायालय सिविल जज जू0डि0/एफ0टी0सी0, कोर्ट संख्या–2/न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में थाना पुरकाजी से सम्बन्धित लम्बित समस्त पुलिस चालानी वाद, परिवाद वाद एवं प्रकीर्ण वाद व उनका दायरा व अन्य थानो से सम्बन्धित लम्बित समस्त दाण्डिक वाद न्यायालय अपर सिविल जज सी0डि0, कोर्ट संख्या–2/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में अन्तरित किया जाता हैं।

9– न्यायालय सिविल जज जू0डि0/एफ0टी0सी0, कोर्ट संख्या–2/न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में धारा 138एनआई0एक्ट से सम्बन्धित लम्बित समस्त परिवाद वाद अतिरिक्त न्यायालय 138 एन0आई0एक्ट, मुजफ्फरनगर में अन्तरित किये जाते है।

10– न्यायालय सिविल जज जू0डि0/एफ0टी0सी0, कोर्ट संख्या–2/न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुजफ्फरनगर में जनपद के 10 थानो नई मण्डी, पुरकाजी, शाहपुर, छपार, ककरौली, सिविल लाईन, चरथावल, सिखेडा, तितावी व खालापार के घरेलू हिंसा के वादों का दायरा व लम्बित समस्त वाद न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट संख्या–2 में अन्तरित मुजफ्फरनगर में अन्तरित किये जाते हैं।

<u>नोट–</u> न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट संख्या–2 व अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट संख्या–3 मुजफ्फरनगर के पीठासीन अधिकारी के मात्त्व अवकाश पर होने के कारण उक्त दोनो न्यायालयो में कोई कार्य नहीं भेजा जा रहा है।

(कविता अग्रवाल)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
मुजफ्फरनगर।

<u>प्रतिलिपि–</u>

1–माननीय जनपद न्यायाधीश, मुजफ्फरनगर को सूचनार्थ।
2–सम्बन्धित न्यायालयों को अनुपालनार्थ।
3–अध्यक्ष/सचिव जिला बांर संघ मुजफ्फरनगर को सूचनार्थ।
4–संयुक्त निदेशक अभियोजन, मुजफ्फरनगर को सूचनार्थ।
5–कम्प्यूटर अनुभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

16/04/20

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
मुजफफरनगर।